शनिवार
31 जनवरी 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 08
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

34 साल से देहरादून का विश्वास

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## स्कूल बस व बाइक की हुई आमने-सामने जोरदार टक्कर

# 3 युवकों की दर्दनाक मौत

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। सड़क हादसे में देर शाम एक निजी स्कूल बस व बाइक की टक्कर में हो जाने से बाइक सवार तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने तीनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिये है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एक साथ तीन घरों के चिराग बुझने से गांव में मातम पसरा हुआ है।



जानकारी के अनुसार खटीमा विकास खंड के प्रतापपुर वार्ड नंबर सात निवासी देवेंद्र सिंह राणा (27) पुत्र उमेश सिंह राणा के साथ बाइक में गांव के ही दो युवक राजेश सिंह राणा (35) पुत्र पंचम सिंह राणा व राजेश सिंह राणा उर्फ बिल्ला(27) पुत्र दर्शन सिंह किसी काम से झनकट आए थे। जो देर शाम झनकट से वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच नानकमत्ता से बच्चों को घर छोड़ने आ रही एक निजी स्कूल की बस व बाइक की प्रतापपुर नंबर 9 में गुरुद्वारा फार्म के पास आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस व आपातकालीन सेवा 108 को दी। तीन घायलों को एंबुलेंस 108 व निजी वाहनों से उप जिला चिकित्सालय खटीमा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. सिमरनजीत सिंह ने तीनों को जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर उप जिला चिकित्सालय पहुंची नानकमत्ता पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। तीनों शवों का पोस्टमार्टम आज होगा। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और परिजन व ग्रामीण उप जिला चिकित्सालय पहुंच गए। जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक देवेंद्र सिंह राणा तीन बहनों में परिवार का इकलौता था। मृतक देवेंद्र राजमिस्त्री का काम करता था। जो अविवाहित था। मृतक राजेश सिंह राणा अपने पीछे पत्नी शिशुकला, पुत्री रितिका(9), जेसिका(6) को रोता बिलखता छोड़ गया। मृतक राजेश भी राजमिस्त्री का काम करता था। मृतक राजेश के दो भाई है। मृतक राजेश सिंह राणा उर्फ बिल्ला पुत्र दर्शन सिंह अविवाहित था। मृतक राजेश मजदूरी का काम करता था। मृतक राजेश तीन भाई थे। एक साथ तीन घरों के चिराग बुझने से गांव मातम पसरा हुआ है। सूचना मिलने पर खटीमा विधायक भुवन कापड़ी,पूर्व ब्लॉक प्रमुख खटीमा रंजीत सिंह नामधारी ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर इस दुखद घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाया।

# करोड़ो की हेरोइन सहित बरेली का नशा तस्कर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। बरेली से तस्करी कर लाई जा रही करोड़ो की हेरोईन सहित एक नशा तस्कर को एसटीएफ की एंटी नार्कोटिक्स कुमांऊ मंडल द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी कुंमाऊ में हेरोइन का बड़ा सप्लायर माना जाता है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि एसटीएफ की एंटी नार्कोटिक्स कुमाऊं यूनिट ने नशा तस्करों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए एक हफ्ते के भीतर दूसरी बड़ी सफलता हासिल करते हुए आरोपी सहनवाज पुत्र इस्तेखार निवासी बहेड़ी जनपद बरेली से रिकॉर्डतोड़ 1 किलो 33 ग्राम हेरोइन सहित थाना किच्छा के आजाद नगर चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में किच्छा पुलिस भी शामिल है।

बताया कि एसटीएफ की एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा कोतवाली किच्छा क्षेत्र में स्थानीय पुलिस को साथ लेकर संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक आरोपी सहनवाज से कुल 1 किलो 33 ग्राम हेरोइन बरामद की जिसकी कुल कीमत लगभग 3 करोड़ 10 लाख रुपए बतायी जा रही है। आरोपी सहनवाज द्वारा बताया कि उसने ये हीरोइन बरेली निवासी भईया नामक एक शख्स से ली थी तथा इस हीरोइन को वह हरजिंदर नामक व्यक्ति को बेचने के लिए जा रहा था।

बताया जा रहा है कि सहनवाज उर्फ मामू कुमाऊं में हीरोइन का बड़ा सप्लायर माना जाता है। ड्रग पैडलरों में इसके द्वारा सप्लाई की जाने वाली हेरोइन की बहुत डिमांड थी माना जाता है कि इसके द्वारा कुमाऊं में सप्लाई की जाने वाली हेरोइन उच्च शुद्धता की होती थी। इसी लिए कुमाऊं के ड्रग पैडलरों की ये पहली पसंद था। एंटी नार्कोटिक्स यूनिट लगभग 2 साल से इसके पीछे लगी थी।

सहनवाज, बरेली से भइया नामक व्यक्ति से हेरोइन खरीदता था अक्सर भइया की तरफ से एक लड़का हेरोइन डिलिवरी के लिए आता था,जिसका नाम आरोपी नहीं जनता है। लेकिन उसने इस हेरोइन सप्लायर की उपलब्ध फोटो के आधार पर उनकी पहचान की है। एंटी नार्कोटिक्स सेल द्वारा भइया और उसके डिलीवरी एजेंट की बड़ी जोर शोर से तलाश की जा रही हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# सड़क हादसों में अव्वल उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सड़क हादसों के मामलो में अव्वल प्रदेश बन चुका है। यहां ऐसा कोई दिन नहीं है जब सड़क हादसों में लोगों को जान से हाथ न धोना पड़ रहा हो। ऐसा नहीं है कि राज्य सरकार ने इन सड़क हादसों को रोकने के कोई प्रयास न किये गये हो लेकिन इन प्रयासों में कितनी सफलता हासिल की गयी है यह तस्वीर आये दिन लोगों के सामने आती रहती है। बीते रोज राज्य के उधमसिंहनगर जिले में घटी एक सड़क दुर्घटना में तीन घरों के चिराग बुझ गये। जिसके बाद उनके गांव में मातम पसरा हुआ है। सड़क दुर्घटनाओं के मामलो में अगर राज्य की राजधानी देहरादून की बात की जाये तो यहां भी तकरीबन हर तीसरे दिन सड़क दुर्घटनाओं में लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। हालांकि पुलिस विभाग हर रोज चैकिंग अभियान चलाकर लोगों के चालान जरूर करता है लेकिन इन सड़क दुर्घटनाओं में कमी नहीं देखी जा रही है। इसका प्रमुख कारण यह भी है कि पुलिस शाम के समय तक ही चैकिंग अभियान चलाती है और लोगों के ड्रिंक एंड ड्राइव में चालान करती है जबकि यहां बड़े सड़क हादसें रात को घटित होते है। जब लोग शराब पीकर रात को राजधानी की सड़कों पर तेज गति से वाहन चलाते है। अभी दो वर्ष पूर्व कैंट थाना क्षेत्र में कार सवार कुछ युवाओं की मौत हो गयी थी जिसमें पता चला कि वह शराब पीकर तेज गति से कार चला रहे थे। बीते वर्ष आराघर चौकी के पास जब पुलिस कर्मियों द्वारा बैरिकेटिंग लगाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की जा रही थी तो वाहन चालक द्वारा पुलिसकर्मियों पर ही वाहन चढ़ाकर भागने का प्रयास किया गया। जिसके बाद गम्भीर रूप से घायल पुलिस कर्मियों को अस्पताल पहुंचाया गया। यह सब हादसे देर रात ही घटित हुए है और यह बताने के लिए काफी है कि देर रात ही असल पुलिस चैकिंग की जरूरत है तभी जाकर इन सड़क हादसों में कमी लाई जा सकती है।

# नाचनी में खुला तीसरा सामुदायिक पुस्तकालय



कार्यालय संवाददाता

नाचनी। सीमांत क्षेत्र में सामुदायिक पुस्तकालय के खुलने की श्रंखला में शनिवार को नाचनी में तीसरा पुस्तकालय का शुभारंभ हो गया है। इस पुस्तकालय में कम्पटीशन की समस्त पुस्तकें उपलब्ध है। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए दिल्ली, देहरादून में उपलब्ध सुविधा अब यहां विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी।

ज्ञात रहे निर्वतमान जिला पंचायत सदस्य जगत सिंह मर्तोलिया ने खड्जा संस्कृति से हटकर अपनी जिला पंचायत निधि से 10 सामुदायिक पुस्तकालयों की स्थापना के लिए 49 लाख रुपए स्वीकृत किए थे। इसी क्रम में नाचनी सामुदायिक पुस्तकालय को भी फर्नीचर तथा प्रतियोगिता पुस्तकों के लिए 5 लाख रुपए की राशि दी गई थी।

पूर्व क्षेत्र प्रमुख एडवोकेट कुंदन सिंह बथियाल के प्रयासों से बने बहुउद्देशीय भवन नाचनी में इस पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है। पुस्तकालय का संचालन स्थानीय समुदाय के आर्थिक सहयोग से भविष्य में किया जाएगा। समान क्षेत्र में खुलने वाला यह तीसरा पुस्तकालय है। जिसका आज विधिवत उद्घाटन करने के बाद क्षेत्र के विद्यार्थियों को समर्पित कर दिया गया है।

पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह पंवार ने एक बालिका को पुस्तकालय का परिचय पत्र देते हुए इसका शुभारंभ किया। सरस्वती, गणेश, की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर पुस्तकालय के कीर्तिमान भविष्य के लिए कामना की गई।

सामुदायिक पुस्तकालय अवधारणा के जनक सोसायटी फॉर एक्सन इन हिमालया के अध्यक्ष जगत सिंह मर्तोलिया ने बताया कि नाचनी में यह तीसरा सामुदायिक पुस्तकालय आज से ओपन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक पुस्तकालय का संचालन स्थानीय समुदाय के द्वारा किया जा रहा है। पुस्तकालय को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा।

स्थानीय संचालन समिति के प्रमुख कुंदन सिंह बथ्याल ने बताया कि इस पुस्तकालय में देहरादून तथा दिल्ली से भी अधिक अध्ययन के संसाधन है। संचालन में स्थानीय समुदाय आपना आर्थिक सहयोग देकर इस मुहिम को सफल बनाने में मदद कर रहे है। इस अवसर पर खुशाल सिंह शाही, पूर्व एडीओ कालू राम, जीवन सिंह दानू, गोविंद सिंह बथ्याल, गोपाल सिंह कोश्यारी, सुंदर सिंह बथ्याल, हरीश चन्द्र शाही, कमला सामंत, सुनीता देवी, हिमांशु कोरंगा आदि उपस्थित रहे। पुस्तकालय प्रभारी के रुपए में भावना बिष्ट अपनी भूमिका निभा रही है। प्रथम दिन 20 पंजीकरण हुए।

# सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका व कैलेंडरों का किया वितरण

हमारे संवाददाता

हरिद्वार उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार प्रदेश की आम जनता के लिए जिन कल्याणकारी नीतियों को बना रही है और उनका क्रियान्वयन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। लोकप्रिय जन नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य पुस्तिकाओं और कैलेंडरों के माध्यम से उत्तराखंड का सूचना एवं लोक संपर्क विभाग राज्य के सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी के कुशल नेतृत्व में कुशलता के साथ कर रहा है। हरिद्वार जनपद में जिला अधिकारी मयूर दीक्षित के कुशल मार्ग निर्देशन में जिला सूचना अधिकारी रतीलाल शाह के माध्यम से डिस्ट्रिक्ट वुशु एसोसिएशन हरिद्वार एवं डायनेमिक स्पोर्ट्स क्लब, मिस्सरपुर, हरिद्वार की सचिव, राष्ट्रीय कोच और सेल्फ डिफेंस की नेशनल ट्रेनर आरती सैनी ने पुष्कर सिंह धामी सरकार की जन नीतियों को सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित कैलेंडरों और पुस्तिका को जन-जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है।

इस आशय की जानकारी देते हुए आरती सैनी ने अवगत कराया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपने खिलाड़ियों को साथ लेकर विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को आत्म सुरक्षा एवं मार्शल आर्ट वुशु का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ उन्हें सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित कैलेंडरों और पुस्तिकाओं का व्यापक स्तर पर वितरण किया और विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और आरती सैनी ने पुस्तिका में प्रकाशित उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार की जन प्रिय लोकप्रिय नीतियों के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया और उत्तराखंड की लोकप्रिय पुष्कर सिंह धामी सरकार की सरकार की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में प्रकाश डाला।



आरती सैनी ने अवगत कराया कि प्रथम चरण में राज्य सरकार की जन नीतियों को ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचाने लिए हरिद्वार जनपद के श्यामपुर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज एवं आदर्श इंटर कॉलेज में पुस्तिकाओं एवं कैलेंडरों को वितरित करने का कार्य किया गया। सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, देहरादून उत्तराखंड द्वारा प्रकाशित पुस्तिकाओं एवं कैलेंडरों की शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने जमकर तारीफ की। राजकीय इंटर कॉलेज श्यामपुर के प्रधानाचार्य महेंद्र लाल ने बताया कि विद्यालय में उत्तराखंड सरकार की विकास पुस्तिका एवं कैलेंडर वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। सूचना विभाग द्वारा प्रकाशित कैलेंडर बहुत ही शानदार बनाए गए और विकास पुस्तिका एवं कैलेंडर के माध्यम से उत्तराखंड की लोकप्रिय पुष्कर सिंह धामी सरकार की जन नीतियों के बारे में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली है और सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित कैलेंडर और पुस्तिका पहली बार ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों-कॉलेजों में वितरित की गई है।

# 'छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति किया जागरुक'

संवाददाता

उत्तरकाशी। पुलिस आपके द्वारा के तहत पुलिस ने महिलाओं व छात्र-छात्राओं को महिला व साइबर अपराध के प्रति जागरुक किया गया।

आज यहां पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, श्रीमती कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जनजागरुकता अभियान "पुलिस आपके द्वार" के अन्तर्गत उत्तरकाशी पुलिस की टीम द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज ज्येष्ठवाडी, राइका नैटवाड़ तथा ग्राम ज्येष्ठवाडी व सेतवाड़ी, डामटा में चौपाल लगाकर छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को महिला, बाल, साइबर अपराधों के प्रति जागरुक करते हुये उत्तराखण्ड



पुलिस एप्प, गौरा शक्ति फीचर, डायल 112 व साइबर हेल्पलाईन नं. 1930 की उपयोगिता के बारे में बताया गया। उक्त जनजागरुकता कार्यक्रमों के दौरान पुलिस द्वारा ग्रमीणों एवं छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों व वर्तमान में पुलिस द्वारा संचालित किये जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात नियमों व रोड सेफ्टी के सम्बन्ध में जानकारी देकर भी जागरूक किया गया। लोगों को साइबर जागरूकता सम्बन्धी पम्पलेट वितरित्ः तथा सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किए गए।

# पुलिस ने चलाया आकस्मिक चैकिंग अभियान

संवाददाता

उत्तरकाशी। पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाते हुए 90 वाहनों को चैक किया।

आज यहां पुलिस मुख्यालय देहरादून से प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक जनपद उत्तरकाशी, श्रीमती कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने तथा आपराधिक गतिविधियों, नशे व मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु प्रातः मे जनपद उत्तरकाशी में पुलिस द्वारा समस्त थाना क्षेत्र में आकस्मिक चैकिंग अभियान चलाया गया। विभिन्न थाना क्षेत्रों में गठित पुलिस टीमों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों, लिंक सड़क मार्गों के साथ संवेदनशील स्थानों तथा अन्तर्राजीय/अन्तर्जनपदीय बैरियरों पर



सघन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियारों, प्रतिबंधित वस्तुओं तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों पर विशेष नजर रखते हुए गहन तलाशी ली गई।

पुलिस उपाधीक्षक एवं कोतवाली/थाना प्रभारियों द्वारा स्वयं ग्राउण्ड जीरो पर रहकर चैकिंग अभियान को लीड किया गया। चैकिंग के दौरान पुलिस द्वारा बैरियर्स पर करीब 90 संदिग्ध वाहनों को चैक किया गया। शांति, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उत्तरकाशी पुलिस मुस्तैद है, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति व गतिविधि की सूचना नजदीकी पुलिस थाने अथवा डायल 112 पर दें।

# कायाकल्प टीम ने किया श्रीनगर उपजिला चिकित्सालय का निरीक्षण

श्रीनगर गढ़वाल(आरएनएस)। कायाकल्प योजना के अंतर्गत उपजिला चिकित्सालय श्रीनगर में संभावित पुरस्कार चयन को लेकर नैनीताल से पहुंची तीन सदस्यीय टीम ने प्री-असेसमेंट के प्रथम चरण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण और बुनियादी सुविधाओं का आकलन किया गया। टीम के अस्पताल पहुंचने पर सीएमएस डॉ. विमल गुसाईं, डॉ. हेमापाल बुटोला, डॉ. सचिन चौबे और भानू प्रताप कुंवर सहित चिकित्सालय स्टाफ ने स्वागत किया। इसके बाद टीम को ओपीडी, विभिन्न वार्डों, ऑपरेशन थियेटर, जल व विद्युत व्यवस्था, बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन और साफ-सफाई से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कराया गया। नैनीताल से आई कायाकल्प टीम में डॉ. मणिभूषण पंत (टीम लीडर), डॉ. मिथलेश बिष्ट (क्वालिटी हॉस्पिटल प्रबंधक) और संतोष बधानी (क्वालिटी सहायक) शामिल रहे। टीम अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। प्री-असेसमेंट में 70 प्रतिशत से अधिक अंक मिलने पर मार्च माह में स्टेट लेवल टीम द्वारा दूसरा निरीक्षण किया जाएगा।

# मोबाइल पर बात कर रहे युवक का पैर फिसला, खाई में जा गिरा

रुद्रप्रयाग(आरएनएस)। अगस्त्यमुनि के तिमली बैंड के आगे एक युवक मोबाइल पर बात करते हुए पैर फिसलने से 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने उसे खाई से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। अगस्त्यमुनि स्वास्थ्य केंद्र में युवक का इलाज चल रहा है। घटना बुधवार शाम की है जब एक युवक को स्थानीय व्यक्ति चंद्र प्रकाश नेगी को गिरते हुए देखा और पुलिस को सूचना दी। आशंका जताई कि किसी व्यक्ति ने मंदाकिनी नदी में छलांग लगा दी। सूचना मिलने पर पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और जल पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर युवक को सुरक्षित बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। युवक की पहचान अरविंद राणा (28) के रूप में हुई है। वह बसुकेदार तहसील के मठिया गांव का रहने वाला है। युवक ने बताया कि फोन पर बात करते हुए उसका पैर फिसल गया और यह घटना हुई। युवक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में इलाज चल रहा है।

# सीएचसी चैलूसैंण से संचालित होंगे द्वारीखाल के एनएचएम कार्यक्रम

कोटद्वार(आरएनएस)। द्वारीखाल विकासखंड में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत संचालित समस्त ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट्स (बीपीएमयू) अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैलूसैंण से संचालित होंगी। सीएमओ पौड़ी के निर्देश पर ब्लॉक चिकित्साधिकारी ने एनएचएम के समस्त स्टाफ को चैलूसैंण से काम शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। अब तक विकासखंड की समस्त योजनाएं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टाइप-टू डाडामंडी से चल रही थी। ब्लॉक चिकित्साधिकारी भी सीएचसी चैलूसैंण में ही बैठेंगे। द्वारीखाल के ब्लॉक चिकित्साधिकारी डॉ. अरिहंत सैनी ने बताया कि एनएचएम के तहत विकासखंड स्तर पर जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई), जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके), राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), आशा कार्यकर्ता योजना और निशुल्क दवा/जांच सेवाएं संचालित होती हैं। इसमें विकासखंड स्तर पर सीएचओ समेत सभी स्टॉफ अब सीएचसी चैलूसैंण में ही बैठेगा। सीएमओ पौड़ी के निर्देश पर एनएचएम के समस्त स्टाफ को चैलूसैंण सीएचसी में बायोमीट्रिक हाजिरी लगाकर योजनाओं का काम शुरू करने के निर्देश दे दिए गए हैं। सीएमओ डॉ. एसएम शुक्ला ने उक्त आदेश जारी किए जाने की पुष्टि की है।

# मिला मुख्य शिक्षा अधिकारी पद पर अत्रेय सयाना की हुई तैनाती

पौड़ी(आरएनएस)। जनपद में करीब डेढ़ साल बाद मुख्य शिक्षा अधिकारी की तैनाती हुई है। नवनियुक्त सीईओ अत्रेय सयाना ने शिक्षा परिसर पौड़ी पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। सीईओ सयाना ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएंगी। इसके लिए शिक्षा विभाग स्थानीय प्रशासन, पुलिस व वन विभाग के साथ समन्वय कर कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा की तिथियां तय हो चुकी हैं और 31 जनवरी को उत्तराखंड शिक्षा परिषद की ओर से तैयारियों का जायजा लिया जाएगा। गौरतलब है कि जिले के तत्कालीन सीईओ दिनेश चंद्र गौड़ का जून 2024 में निदेशालय स्थानांतरण हो गया था। इसके बाद डीईओ बेसिक नागेंद्र बर्त्वाल प्रभारी सीईओ की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। नवंबर 2025 में उन्हें संयुक्त निदेशक पद पर पदोन्नति मिली थी लेकिन नई तैनाती तक सीईओ का अतिरिक्त प्रभार उनके पास ही रहा। सीईओ अत्रेय सयाना ने कहा कि जनपद की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए बेहतर शिक्षा व्यवस्था और परीक्षार्थियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बोर्ड परीक्षा के दौरान वन्यजीवों से छात्रों की सुरक्षा को लेकर जल्द विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

# गर्मियों में वनाग्नि से निपटने को प्रशासन सतर्क, फायर सीजन को लेकर हुई तैयारिया



अल्मोड़ा(आरएनएस)। जनपद में आगामी गर्मी के मौसम के दौरान जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन और वन विभाग ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। फायर सीजन को देखते हुए अल्मोड़ा वन विभाग ने जिले भर में 147 क्रू स्टेशन स्थापित कर दिए हैं, जहां 550 फायर वाचरों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग और फायर ब्रिगेड को भी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

इस वर्ष सर्दियों में अपेक्षित वर्षा नहीं होने के कारण कई क्षेत्रों में जंगल अपेक्षाकृत शुष्क बने हुए हैं और कुछ स्थानों पर आग की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ऐसे हालात को देखते हुए प्रशासन ने पहले से ही सतर्कता बढ़ा दी है। अल्मोड़ा वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह ने बताया कि वनाग्नि पर नियंत्रण के लिए विभागीय अमले के साथ ग्राम प्रहरी और युवक मंगल दलों का भी सहयोग लिया जाएगा, जिससे समय रहते आग पर काबू पाया जा सके। वनाग्नि से निपटने की रणनीति में इस बार आपदा मित्रों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले में 184 आपदा मित्रों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिन्हें 11 तहसीलों में तैनात किया जाएगा। ये आपदा मित्र जंगलों पर नजर रखने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आग से बचाव के प्रति जागरूक भी करेंगे। ग्रामीण इलाकों में पानी की कमी के कारण आग बुझाने में आने वाली दिक्कतों को देखते हुए इस बार प्राकृतिक जल स्रोतों के उपयोग की योजना बनाई गई है। वन विभाग को आवश्यकता पड़ने पर जल संस्थान की ओर से पानी की आपूर्ति भी सुनिश्चित कराई जाएगी। सिविल सोयम वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप धौलाखंडी ने बताया कि फायर सीजन के मद्देनजर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं और विभिन्न विभागों के समन्वय से वनाग्नि की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण का प्रयास किया जाएगा।

# घरेलू उत्पादों को जोड़कर स्वरोजगार करने पर हुई चर्चा

पिथौरागढ़(आरएनएस)। बारबीसी के ग्रामीणों ने खुली बैठक कर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विकास को लेकर चर्चा की। ग्रामीणों ने स्वरोजगार को लेकर भी अपनी बात रखी,नर्सरी से 12वीं तक के सीबीएसई स्कूल की स्थापना को लेकर भी वार्ता हुई। पीजीआई कॉलेज बुंगाछीना में वाइस चेयरमैन जितेंद्र हनेरी की अध्यक्षता में बारबीसी गांव की खुली बैठक हुई। स्थानीय लोगों ने बैठक में शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने वाले स्व.नारायण लाल हनेरी को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि टिहरी गढ़वाल का रौतू की बेली गाँव उत्तराखंड में पनीर वाला गाँव के नाम से प्रसिद्ध है,मसूरी के पास स्थित इस गाँव में लगभग 250 परिवार रहते हैं और हर घर में पनीर बनाने का व्यवसाय मुख्य आजीविका है।

# बंदरों की समस्या पर शुरू हुआ अभियान

अल्मोड़ा(आरएनएस)। नगर क्षेत्र में बंदरों की बढ़ती समस्या को लेकर पार्षदों द्वारा किए गए संयुक्त प्रयास और धरना कार्यक्रम का असर अब दिखाई देने लगा है।

पार्षदों की मांग पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए नगर निगम में आयुक्त की नियुक्ति सुनिश्चित की और इसके साथ ही नगर क्षेत्र में बंदरों को पकड़ने का अभियान भी शुरू कर दिया गया है। इस पहल से शहरवासियों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नगर हित से जुड़े इस मुद्दे को लेकर पार्षदों ने लगातार आवाज उठाई थी और बंदरों की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की थी। प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कदम उठाए जाने के बाद अब नगर निगम की ओर से अभियान शुरू होने से आम जनता में संतोष का माहौल देखा जा रहा है।

पार्षदों का कहना है कि वे नगर की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे और जनहित से जुड़े विषयों पर आगे भी एकजुट होकर संघर्ष करते रहेंगे। बंदरों की समस्या को नियंत्रण में रखने के लिए यह भी निर्णय लिया गया है कि यह अभियान नियमित रूप से प्रत्येक दो माह में चलाया जाएगा, ताकि स्थिति दोबारा गंभीर न हो सके। पार्षदों ने नगरवासियों से भी सहयोग की अपील करते हुए भरोसा दिलाया कि शहर के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। इस अवसर पर मेयर अजय वर्मा के साथ पार्षद प्रदीप चंद्र आर्य, कुलदीप मेर, वैभव पांडे, चंचल दुर्गापाल, मधु बिष्ट, गुंजन सिंह चम्याल, दीपक कुमार, रोहित कार्की, हेमचंद तिवारी, जानकी पांडे, अनूप भारती, नवीन चंद्र आर्य, राधा मटियानी, तुलसी देवी, मुकेश कुमार डैनी, भूपेंद्र जोशी, रीना टम्टा, इंतिखाब आलम कुरैशी, गीता बिष्ट और कमला किरौला सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

# यूथ कांग्रेस का कानून व्यवस्था पर हल्लाबोल

हरिद्वार(आरएनएस)। उत्तराखंड की कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर यूथ कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान उत्तराखंड में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग भी की गई।

महानगर कार्यकारी अध्यक्ष विशाल प्रधान के नेतृत्व और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी एवं मनोज सैनी के संयोजन में नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उत्तराखंड में बीते कुछ समय से अपराध का ग्राफ बढ़ा है। इस सरकार में सरकारी संपत्तियों पर कब्जे के लिए खुलेआम गोलीबारी की घटनाएं सामने आ रही हैं। दिनदहाड़े चोरी, डकैती और हत्या जैसी वारदात हो रही है, जिससे आमजन भय के साए में जीने को मजबूर है। महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। किसान आत्महत्या को मजबूर हैं। नशे का अवैध कारोबार भी अपराध की जड़ बनता जा रहा है। इस अवसर पर ऋषभ वशिष्ठ, ठेकेदार रोशन लाल, मनोज जाटव, समर्थ अग्रवाल, सार्थक ठाकुर, उज्जवल वालिया, धनीराम उर्फ नीटू, सौरभ सैनी, शुभम जोशी, सागर बेनीवाल, हेमंत चंचल, निखिल सौदाई, सोनू सैनी, अनंत पांडेय, राजू चित्कारा, रजत त्यागी, शिवम वाल्मीकि, आनंद राठौर, शुभम सैनी, जावेद आलम, आरिफ प्रधान, दिनेश कुमार, शुभम जागरिया, हरविंदर सिंह, वंश सौदाई, आशु भारद्वाज, मुकुल चंचल, राहुल चौहान, मुकुल तेश्वर मौजूद रहे। 'जिन मुद्दों पर सत्ता में आई भाजपा, अब मुंह मोड़ लिया' यूथ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष विशाल प्रधान और पूर्व अध्यक्ष रवीश भटीजा ने आरोप लगाया कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। सरकारी विभागों में रिश्वत के बिना कोई काम नहीं होता। आम आदमी को अपने काम के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा और रानीपुर विस अध्यक्ष गौरव चौहान ने कहा कि भाजपा जिन मुद्दों को लेकर सत्ता में आई थी, आज उन्हीं मुद्दों से मुंह मोड़ चुकी है।

# कहीं डायपर की सुविधा ना बन जाए बच्चों के लिए परेशानी, हो सकते हैं ये साइड इफेक्ट

आज के इस दौर में बच्चों को डायपर पहनाने का चलन काफी ज्यादा बढ़ गया है। नवजात बच्चे को शुरुआत से ही डायपर पहनाया जाने लगा हैं। जबकि पहले के समय में मां-बाप छोटे बच्चों को सूती कपड़े के घर पर बने नैपी पैड पहनाया करते थे। हालांकि इनको बार-बार बदलना पड़ता था। इसी परेशानी को देखते हुए आजकल डायपर की सुविधा को अपनाया जाता हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि डायपर की यह सुविधा बच्चों के लिए परेशानी का कारण बन सकती हैं। आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि अपनी मेहनत बचाने और आसान उपायों को ढूढ़ने के चक्कर में आप अपने बच्चे के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न करें। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह डायपर के साइड इफेक्ट बच्चों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आइये जानते हैं...

इंफेक्शन हो सकता है

बच्चों की स्किन बड़ों की तुलना में काफी सेंसटिव होती है। ज्यादा लंबे समय तक डायपर के इस्तेमाल से इंफेक्शन होने की सम्भावना बनी रहती है। दरअसल, डायपर में कई तरह के कैमिक्लस होते हैं। साथ ही प्लास्टिक की एक तह भी होती है, जो गीलापन तो महसूस नहीं होने देती है लेकिन हवा पास न होने की वजह से ये इंफेक्शन की वजह बन सकती है।



टॉक्सिटी का कारण बन सकता है

डायपर केमिकल्स और सिंथेटिक चीजों से बनाए जाते हैं। शिशु को अधिक समय तक डायपर पहनाएं रखने से उन्हें नुकसान हो सकता है। कई लोग एक दिन में आठ से दस डायपर का इस्तेमाल करते हैं। खासकर रात को बार-बार उठने और बिस्तर गीला होने से बचने के लिए आप बच्चे को रातभर डायपर पहनाकर रखते हैं। इन कारणों से बच्चे की स्किन लंबे समय तक केमिकल्स के संपर्क में रहती है और इससे बच्चे के शरीर पर नुकसान हो सकता है। इससे शरीर में टॉक्सिटी बढ़ सकती है।

बन सकता है मेल इनफर्टिलिटी का कारण

वैज्ञानिक बताते हैं कि डायपर का लगातार इस्तेमाल मेल इन्फर्टिलिटी यहां तक कि वृषण कैंसर का भी कारण बन सकता है। अमेरिका के पीडियाट्रिक्स जर्नल के अनुसार, आमतौर पर डायपर को हर 2-3 घंटे में बदल देना चाहिए। बच्चे को डायपर में कई घंटों तक लगातार नहीं रहने दें। डायपर गीला महसूस हो, तो बदल दें। यदि बच्चे को पॉटी हो गई है, तो डायपर को तुरंत बदल देना चाहिए। नया डायपर पहनाने से पहले बच्चे को हर बार साफ करना चाहिए। स्टडी के अनुसार, बच्चों की समस्या तब और बढ़ जाती है जब जरूरत से कम बार बच्चे का डायपर बदला जाता है।

एलर्जिक रिएक्शन

डायपर बनाने वाली कुछ कंपनियां इसे बनाते समय सिंथेटिक फाइबर, डाइज और केमिकल प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। ये सभी हार्श केमिकल आपके बच्चे की नाजुक-कोमल त्वचा को नुकसान पहुचाकर उसे एलर्जी की समस्या दे सकते हैं। ऐसे में डायपर का चुनाव करते समय हमेशा सोफ्ट और स्किन फ्रेंडली मटेरियल से बने डायपर को चुनें।

स्किन रैशेज

लंबे समय तक गीले गंदे डायपर में रहने से बैक्टीरिया पैदा होने लगते हैं जो त्वचा पर रैशेज और छाले पैदा कर सकते हैं। ऐसे में बच्चे को रैशेज से बचाने के लिए समय-समय पर बच्चे का डायपर बदलती रहें और उसकी साफ सफाई का भी ध्यान रखें।

बच्चे को टॉयलेट ट्रेनिंग देने में परेशानी

अपने बच्चे को हर समय डायपर पहनाए रखने से आपको उसे टॉयलेट ट्रेनिंग देने से परेशानी हो सकती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि बच्चों को डायपर में पेशाब और पॉटी करने की आदत पड़ जाती है और पैरेंट के लिए भी यह सुविधाजनक होता है, हालांकि, बाद में जब आप अपने बच्चे को पॉटी कराने की कोशिश करती हैं, तो बच्चा रोता है, परेशान करता है। वैसे अच्छा यही होता है कि बच्चे को जल्दी ही टॉयलेट ट्रेनिंग देना शुरू कर दें। (आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# अपराध नियंत्रण की समीक्षा हेतु मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित

हमारे संवाददाता

चमोली। पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पँवार द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी, स्थानीय अभिसूचना इकाई, फायर सर्विस, दूरसंचार एवं अन्य शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे।



गोष्ठी में सर्वप्रथम कर्मचारियों का सम्मेलन लेकर उनकी समस्याएं सुनी व उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात विगत माह के दौरान घटित अपराधों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अपराध नियंत्रण, विवेचनाओं की प्रगति, लंबित प्रकरणों एवं आगामी वीआईपी कार्यक्रमों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत निम्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किए गए।

थाना एवं चौकी स्तर पर ग्राम चौकीदारों के साथ आयोजित गोष्ठियों की समीक्षा करते हुए समस्त थाना प्रभारियों से उनका विस्तृत फीडबैक प्राप्त किया गया तथा प्राप्त सुझावों के आधार पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए राजस्व क्षेत्र से पुलिस क्षेत्र में सम्मिलित किए गए ग्रामों में चौकीदारों की शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

भराड़ीसैण (गैरसैण) में प्रस्तावित आगामी विधानसभा बजट सत्र के दृष्टिगत पूर्व से ही सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण किए जाने तथा सभी संबंधित शाखाएं, अभिसूचना इकाई एवं थाना प्रभारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पूर्व नियोजित रणनीति के तहत कार्य करना होगा, ताकि सत्र का आयोजन पूर्णतः शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराया जा सके।

आगामी चारधाम यात्रा-2026 के दृष्टिगत यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले बॉटल नेक स्पॉट्स को चिन्हित करने तथा यात्रा मार्ग पर अनावश्यक रूप से पड़े मलबे एवं अवरोधकों को अभी से संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र हटाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही दुर्घटना सम्भावित

### ❑एसपी ने दिये आगामी विधनसभा सत्र के दृष्टिगत सुरक्षा एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

स्थानों पर लगने वाले बैरियर/साइन बोर्ड तथा यात्रा मार्ग पर स्थित पुलिस चौकियों एवं चेक पोस्ट जो वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण अथवा खराब स्थिति में हैं, उनकी समयबद्ध मरम्मत एवं सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

आगामी नंदा देवी बड़ी जात यात्रा के दृष्टिगत यात्रा पड़ावों पर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था तथा यात्रा मार्ग पर तैनात किए जाने वाले पुलिस बल की विस्तृत रूपरेखा तत्काल तैयार करने के निर्देश दिए, इसके साथ ही यात्रा मार्ग में पड़ने वाले संबंधित थाना क्षेत्रों में निर्मित होने वाली अस्थायी पुलिस चौकियों के संबंध में आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर पुलिस कार्यालय को भेजने हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया।

मुख्यालय स्तर से संचालित विभिन्न अभियानों की समीक्षा करते हुए विशेष रूप से "ऑपरेशन स्माइल" अभियान को और अधिक प्रभावी बनाए जाने हेतु प्रभारी एएचटीयू, समस्त थाना प्रभारियों तथा जनपद में गठित ऑपरेशन स्माइल टीम को निर्देशित किया गया कि अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रभावी एवं परिणामपरक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि गुमशुदा बच्चों एवं व्यक्तियों की बरामदगी को प्राथमिकता के आधार पर किया जा सके।

साइबर अपराधों से संबंधित प्रकरणों में होल्ड कराई गई धनराशि के संबंध में विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रत्येक प्रकरण में धनराशि को होल्ड कराए जाने की स्थिति, संबंधित बैंकों से समन्वय, प्रकरणों की वर्तमान प्रगति तथा पीड़ितों को धनराशि की वापसी से जुड़ी कार्यवाही की जानकारी ली गई।

इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग त्रिवेन्द्र सिंह राणा, पुलिस उपाधीक्षक चमोली मदन सिंह बिष्ट, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गिरीश बिष्ट, सहायक अभियोजन अधिकारी मनमोहन सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## शब्द सामर्थ्य -027

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 26 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# किसान के रूप में नंगे पांव चलते दिखे अभिनेता साई दुर्गा तेज

निर्देशक रोहित के. पी. की एक्शन फिल्म सांबरला येतिगट्टू (एसवाईजी) काफी चर्चा में है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में पहले से ही काफी उत्सुकता है, और अब निर्माताओं ने एक नया पोस्टर जारी कर इस उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। पोस्टर में मुख्य अभिनेता साई दुर्गा तेज को बिल्कुल नए और अनोखे अंदाज में दिखाया गया है। यह फिल्म एक पैन-इंडिया पीरियड एक्शन ड्रामा है, जिसका निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसे के. निरंजन रेड्डी और चैतन्य रेड्डी प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह प्राइम शो एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही है।




इसी बैनर ने पहले पैन-इंडिया ब्लॉकबस्टर हनुमान का निर्माण किया था। फिल्म के निर्माताओं का उद्देश्य इसे एक बड़े दर्शक वर्ग के लिए तैयार करना और एक्शन के साथ-साथ गहरी भावनाओं और ग्रामीण संस्कृति को प्रस्तुत करना है। पोस्टर में साई दुर्गा तेज को एक ऐसी ग्रामीण छवि में दिखाया गया है, जिसे दर्शकों ने पहले कभी स्क्रीन पर नहीं देखा था। वह ग्रे शर्ट और पारंपरिक पांचा कत्तु पहने नंगे पांव चलते हुए नजर आ रहेहैं। पोस्टर में वह किसान के रूप में बैल को पकड़ते हुए आगे बढ़ रहेहैं।

साई दुर्गा तेज ने अपने किरदार को दमदार बनाने के लिए बॉडी लैंग्वेज पर कड़ी मेहनत की है। वह फिल्म में चुनौतीपूर्ण एक्शन सीन करते नजर आएंगे। इन सीन्स में उनकी ताकत और मेहनत साफ दिखाई देती है, जिससे फिल्म के दर्शकों में एक्शन के प्रति और भी उत्सुकता पैदा होती है।

साई दुर्गा तेज के अलावा, फिल्म में ऐश्वर्या लक्ष्मी, जगपति बाबू, साई कुमार, श्रीकांत और अनन्या नागला जैसे प्रतिभाशाली कलाकार नजर आएंगे।

बी अजनीश लोकनाथ ने फिल्म के लिए म्यूजिक तैयार किया है। सांबर ला येति गट्टू भावनाओं और बड़े पैमाने के एक्शन का एक मजबूत मिश्रण वाली फिल्म होगी। इसमें जमीनी ग्रामीण जीवन और अंदरूनी संघर्ष को बारीकी के साथ दिखाया जाएगा।

# ओटीटी पर होगा सुपरहीरो का कब्जा!

ओटीटी लवर्स के लिए 2026 धमाकेदार साबित होगा। खासतौर पर उनके लिए जिन्हें सुपरहीरो पर बनी फिल्में या वेब सीरीज खूब पसंद आती हैं। मार्वल और डीसी अपने बहुप्रतीक्षित और प्रभावशाली शो के साथ दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इनमें वंडर मैन से लेकर डेयरडेविल तक कई नाम शामिल हैं। इन सीरीज को जियोहॉटस्टार और अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया जाएगा। यहां देखिए 2026 में आने वाली धमाकेदार सीरीज की पूरी सूची।

साइमन विलियम्स, याह्या अब्दुल-मतीन 2 और बेन किंग्सले अभिनीत वंडर मैन 28 हुई है। इसकी स्ट्रीमिंग जियोहॉटस्टार पर होगी। इस सीरीज के जरिए मार्वल सुपरहीरो की जिंदगी के साथ-साथ कॉमेडी का तड़का भी लगाएगा। डेयरडेविल- बॉर्न अगेन सीजन 2 का इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है जो 4 मार्च 2026 को इसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने के लिए तैयार है। इस बार सीरीज में जेसिका जोन्स की भी वापसी हो रही है।

अभिनेता निकोलस केज के मुख्य किरदार वाली सीरीज स्पाइडर-नोयर इसी साल 2026 में अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। यह एक लाइव-एक्शन सीरीज है जिसकी कहानी 1930 के न्यूयॉर्क की पृष्ठभूमि पर आधारित है। निर्माता इस सीरीज का प्रसारण ब्लैक एंड व्हाइट और कलर दोनों फॉर्मेट में करेंगे। चर्चित वेब सीरीज द बॉयज सीजन का 5वां और आखिरी सीजन 8 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर दस्तक देगा। यह सीजन गहन भावनात्मक और एक्शन से भरपूर होने का दावा करता है।

मार्वल की सीरीज विजनक्वेस्ट 2026 में रिलीज होने के लिए तैयार है, लेकिन आधिकारिक रिलीज का ऐलान होना बाकी है। यह शो वांडाविजन और अगाथा ऑल अलोंग के बाद कहानी को पूरा करेगा जिसमें पॉल बेटनी के विजन और जेम्स स्पैडर के अल्ट्रॉन की वापसी होगी। रेनाल्डो मार्कस ग्रीन द्वारा निर्देशित द पनिशर स्पेशल जियोहॉटस्टार पर 2026 के मध्य में रिलीज होने की संभावना है। इसमें मुख्य किरदार के तौर पर जेसन आर. मूर और रो रैनसेल नजर आएंगे।

# किसी को बुरा दिखाकर अच्छा नहीं बन सकते, पेड नेगेटिव पीआर पर भड़कीं सोनल चौहान



बॉलीवुड में पेड नेगेटिव पीआर और सोशल मीडिया ट्रोलिंग अब एक बड़ी समस्या बन चुकी है। कई एक्टर्स इस तरह की जानबूझकर फैलाई जा रही नकारात्मकता से परेशान हैं। इसी बीच अभिनेत्री सोनल चौहान ने इस मुद्दे पर खुलकर बात की और कहा कि किसी को नीचा दिखाकर कोई खुद ऊपर नहीं उठ सकता। सोनल का मानना है कि बॉलीवुड में कॉम्पिटिशन तो होनी चाहिए, लेकिन वह सकारात्मक और रचनात्मक हो। ट्रोलिंग और पेड नेगेटिविटी से न सिर्फ एक्टर्स की मानसिक शांति प्रभावित होती है, बल्कि उनके काम और मेहनत पर भी बुरा असर पड़ता है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर किए पोस्ट के जरिए अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, एक्टर्स के खिलाफ चल रही ये पेड पीआर अब बंद होनी चाहिए। इतनी नेगेटिविटी की कोई जरुरत नहीं है। किसी को बुरा दिखाकर कोई अच्छा नहीं बन सकता। हम एक-दूसरे के लिए खुश क्यों नहीं हो सकते? सब बहुत मेहनत करते हैं, अगर हम सपोर्ट करें, तो इंडस्ट्री का माहौल बहुत बेहतर हो सकता है। हमें बस थोड़ा सकारात्मक रहना है।

सोनल से पहले कई एक्टर्स पेड नेगेटिव पीआर के खिलाफ आवाज उठाते दिखे। तारा सुतारिया ने हाल ही में बताया कि उनके खिलाफ पेड नेगेटिव पीआर चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झूठी अफवाहें और ट्रोलिंग से उनका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। वे चाहती हैं कि लोग उनके काम पर फोकस करें, न कि बनाई हुई कहानियों पर।

यामी गौतम ने भी पेड हाइप और नेगेटिव कैंपेन को इंडस्ट्री के लिए खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि यह एक तरह की वसूली है, जो धीरे-धीरे दीमक की तरह पूरी इंडस्ट्री को खा जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने इंडस्ट्री से इस कल्चर को खत्म करने की अपील की।

ऋतिक रोशन ने पेड पीआर पर गहरा बयान दिया।

उन्होंने बताया कि सबसे कीमती चीज जो खो जाती है, वह है पत्रकारों की सच्ची आवाज। पैसे के दबाव में उनकी कलम बंध जाती है, सच बोलने की आजादी छिन जाती है। सच्ची राय ही असली फीडबैक है, जो हमें बेहतर बनाती है। लेकिन, पेड पीआर के चक्कर में वह चीज खत्म हो जाती है।

# 2016 की अनदेखी तस्वीरें शेयर कर पुरानी यादों में खोई नेहा शर्मा



बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा ने अपने पिता की राजनीतिक विरासत को पीछे छोड़ते हुए फिल्म इंडस्ट्री में पहचान बनाई है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए पुरानी यादों को ताजा किया। अभिनेत्री नेहा शर्मा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें उन्होंने 2016 की कुछ पुरानी तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए। इन तस्वीरों में नेहा के फोटोशूट, यात्रा और बहन के साथ खूबसूरत पल शामिल हैं। पोस्ट में शामिल क्लिप्स उनके शुरुआती करियर की यादें ताजा कर रही हैं। इसी के साथ ही उन्होंने लिखा, थोड़ा सा पीछे चलें। साल 2016 में कुछ खास ही था।

अभिनेत्री बिहार के भागलपुर से आती हैं। उनके पिता, अजीत शर्मा, एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक हैं, जो लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि होने के बावजूद नेहा ने राजनीति में नहीं, बल्कि मनोरंजन जगत में पहचान बनाई। उन्होंने तेलुगु सिनेमा से अपने करियर की शुरुआत की थी। अभिनेत्री ने 'चिरुथा' से डेब्यू किया था। हालांकि, अभिनेत्री को खास पहचान नहीं मिली थी। इसके बाद 2009 में उन्हें कुर्राडू' में देखा गया था। ये फिल्म हिट थी। तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाने के बाद उन्होंने बॉलीवुड का रुख किया।

हिंदी सिनेमा में अभिनेत्री ने 2010 में इमरान हाशमी के साथ फिल्म क्रूक में एंट्री ली। इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया और एक्ट्रेस की लोकप्रियता में काफी इजाफा हुआ। इसके बाद उन्हें कई फिल्मों में देखा गया लेकिन इनमें से सिर्फ चुनिंदा फिल्मों ने ही बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा दिखाया।

इसके बाद उन्होंने क्या सुपर कूल हैं हम, जयंताभाई की लव स्टोरी, यमला पगला दीवाना 2, यंगिस्तान, तुम बिन 2, मुबारकां, जय हो, तान्हाजी, और जोगीरा सारा रा रा जैसी फिल्मों में काम किया है। इसी के साथ ही नेहा ने दक्षिण भारतीय सिनेमा में भी कई हिट फिल्में दी हैं।

# अल्मोड़ा की कथक नृत्यांगना डॉ. दीपा जोशी को डी.लिट्. की उपाधि

अल्मोड़ा(आरएनएस)। जिले की प्रख्यात कथक नृत्यांगना डॉ. दीपा जोशी को डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी.लिट्.) की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया गया है। वह उत्तराखंड की पहली तथा देश की दूसरी महिला कथक नृत्यांगना बन गई हैं, जिन्हें यह गौरव प्राप्त हुआ है। यह उपाधि उन्हें खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और कुलपति प्रोफेसर लवली शर्मा द्वारा प्रदान की गई। डॉ. दीपा जोशी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों, विशेष रूप से गुरु प्रोफेसर डॉक्टर पूर्णिमा पांडे तथा अपने माता-पिता को दिया है, जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। वह दूरदर्शन की ए-ग्रेड कथक नृत्यांगना भी हैं और देश के विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों पर एकल प्रस्तुतियां दे चुकी हैं। डॉ. जोशी की प्रारंभिक कथक शिक्षा अल्मोड़ा से शुरू हुई, जिसके बाद उन्होंने भातखंडे हिन्दुस्तानी संगीत महाविद्यालय लखनऊ, कथक केंद्र लखनऊ और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से उच्च शिक्षा प्राप्त की। कथक की उन्नत शिक्षा के लिए उन्हें संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की ओर से छात्रवृत्ति भी मिल चुकी है। नृत्य साधना के साथ-साथ उन्होंने संगीत विषय पर कई महत्वपूर्ण आलेख और पुस्तकें लिखकर शास्त्रीय कला के सैद्धांतिक पक्ष को भी समृद्ध किया है। वर्तमान में डॉ. दीपा जोशी देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संगीत संस्थानों और विश्वविद्यालयों में परीक्षक, चयन समितियों की सदस्य तथा विशेषज्ञ के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रही हैं। वह सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत सेंट्रल ब्यूरो ऑफ कम्युनिकेशन के नैनीताल कार्यालय में कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से अल्मोड़ा में हर्ष का माहौल है।

# चंद्रेश्वरनगर में आठ घरों की दूषित नालियां टेप

ऋषिकेश(आरएनएस)। डीएम सविन बंसल के निरीक्षण के बाद नगर निगम प्रशासन ढालवाला ड्रेन की स्वच्छता को लेकर हरकत में आ गया है। चंद्रेश्वरनगर में ड्रेन में गिर रही आठ घरों की दूषित नालियों को निगम ने टेप कर दिया है, जबकि जल निगम ने भी आबादी क्षेत्र की दो बड़ी दूषित नालियों को टेप करते हुए उन्हें सीवर लाइन से कनेक्ट करना शुरू कर दिया है। दरअसल, ढालवाला ड्रेन में प्राकृतिक स्रोत का पानी चंद्रेश्वरनगर होते हुए गंगा तक पहुंच रहा है। इस तीन किलोमीटर लंबी ड्रेन को आबादी क्षेत्र में पूरी तरह से ढक दिया गया है, जिसमें करीब 220 मीटर हिस्सा खुला है। ड्रेन में गंदगी गिरने की शिकायत स्थानीय लोगों ने प्रशासन से की थी, जिस पर बीते बुधवार को डीएम सविन बंसल ने चंद्रेश्वरनगर और आसपास ड्रेन का जायजा लेते हुए अधिकारियों को गंदगी की रोकथाम के निर्देश दिए थे। हरकत में आई नगर निगम प्रशासन की टीम ने गुरुवार को चंद्रेश्वरनगर में ड्रेन की जड़ में बने 14 घरों की जांच की, जिसमें आठ घरों की दूषित नालियां ड्रेन में गिरती पाई गईं। तत्काल इन नालियों को टेप कर संबंधित लोगों को जल निगम की ओर से नोटिस भी जारी किया गया। वहीं, चंद्रेश्वरनगर में ही दो बड़ी नालियों को भी ड्रेन से गिरने से रोकते हुए सीवर लाइन में कनेक्ट करने की कार्रवाई जल निगम ने शुरू कर दी है। नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल ने बताया कि चंद्रभागा नदी में गिर रहे एक नालों को भी जल निगम टेप करने की प्रक्रिया शुरू कर रहा है।

## सू- दोकू क्र.027

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.26का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

# बीडीसी बैठक में अनुपस्थित रहे अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश

चमोली(आरएनएस)। विकासखंड ज्योतिर्मठ की पहली बीडीसी बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अनुपस्थित अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। वहीं कई अधिकारियों को योजनाओं की सही जानकारी भी नहीं थी। इस पर सीडीओ ने अधिकारियों को बैठकों में पूरी तैयारी के साथ आने और योजनाओं से लेकर क्षेत्र की पूरी जानकारी रखने के निर्देश दिए। पंचायत चुनाव के बाद ज्योतिर्मठ विकासखंड की बृहस्पतिवार को ब्लॉक सभागार में प्रथम बैठक ब्लॉक प्रमुख अनूप नेगी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी भी बैठक में मौजूद रहे। सदस्यों ने सबसे अधिक मामले लोनिवि, शिक्षा और पेयजल संबंधी उठाए गए लेकिन बैठक में लोनिवि, शिक्षा विभाग, जल निगम, यूपीसीएल व सिंचाई विभाग के सक्षम अधिकारी अनुपस्थित रहे। जो अधिकारी वहां मौजूद थे वे न तो योजनाओं की सही जानकारी दे पाए न ही उन्हें क्षेत्र की उचित जानकारी थी। इस पर सीडीओ ने अनुपस्थित अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके बाद सदस्यों ने मारवाड़ी से थैंग मोटर मार्ग, हेलंग-उर्गम सड़क, सलूड़-डुंग्रा सड़क की बदहाल स्थिति को रखा। इसके अलावा अन्य क्षेत्र की सड़कों की समस्याओं का मुद्दा भी सदस्यों ने उठाया। बड़ागांव की प्रधान वीना देवी ने कहा कि जीआईसी बड़ागांव में सफाई कर्मी नहीं होने से बच्चों को सफाई करनी पड़ती है, विद्यालय में तत्काल सफाई कर्मी की नियुक्ति की जाए। पगनों के ग्राम प्रधान रमेश चंद्र ने कहा कि आपदा के बाद से प्राथमिक विद्यालय पंचायत भवन में संचालित हो रहा है। उन्होंने जल्द भवन निर्माण की मांग की। मलारी के प्रधान देव सिंह राणा ने गांव की पेयजल लाइन को ठीक कराने की मांग की और कई समस्याएं भी रखीं।

प्रधान संघ के अध्यक्ष मोहन बजवाल ने कहा कि ज्योतिर्मठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर सेंटर बन गया है। ढाक में भूमि उपलब्ध है यदि स्वास्थ्य विभाग यहां 50 बेड के अस्पताल की मंजूरी देता है तो ग्रामीण निशुल्क भूमि देने के लिए तैयार हैं। प्रधान संघ के अध्यक्ष मोहन बजवाल ने गणतंत्र दिवस पर प्राथमिक विद्यालय ढाक, जूनियर हाईस्कूल ढाक व किलचौरी में तिरंगा नहीं फहराने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि संबंधित शिक्षकों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

इस दौरान ज्येष्ठ उपप्रमुख गुड्डी देवी, कनिष्ठ उपप्रमुख नरेश चंद्र, डीडीओ कमलेश पंत, बीडीओ मोहन जोशी, तहसीलदार महेंद्र, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जगदीश लाल सहित अन्य अधिकारी व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# महापंचायात में 219 लोग समस्या लेकर पहुंचे

बागेश्वर(आरएनएस)। कपकोट में आयोजित महापंचायत में गुरुवार को 219 लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे। इस समस्याओं को अब पंचायत से जुड़े लोग संकलित कर संबंधित विभाग तक पहुंचाएंगे। गुरुवार को केदारेश्वर मैदान पर महापंचायत का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में करीब 219 लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे।

इस दौरान कांग्रेस के क्षेत्रीय नेता हरीश ऐठानी ने कहा कि लोगों की समस्याओं को संकलित किया जा रहा है और उन्हें संबंधित विभागों के समक्ष रखा जाएगा। इस दौरान जिन प्रमुख समस्याओं को उठाया गया, उनमें मानव-वन्यजीव संघर्ष के बढ़ते मामले, बंदरों, आवारा पशुओं और जंगली सुअरों से हो रहा नुकसान, विद्युत विभाग द्वारा मनमाने तरीके से बिजली बिलों की वसूली, सिंचाई हेतु नहरों व गूलों की दयनीय स्थिति, आधार कार्ड सुधार के लिए पर्याप्त आधार केंद्रों की कमी, पिछले एक साल से सीज डंपरों के निस्तारण की मांग शामिल है।

# यूजीसी समता विनियम-2026 का एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन ने किया समर्थन

रुद्रपुर(आरएनएस)। अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन ने विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा अधिसूचित यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन संबंधी) विनियम-2026 का समर्थन करते हुए इसे सामाजिक न्याय और समावेशी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। एसोसिएशन का कहना है कि ये विनियम उच्च शिक्षा संस्थानों में समान अवसर और गरिमापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होंगे। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरिओम सिंह ने बताया कि इन विनियमों का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में लंबे समय से मौजूद जाति आधारित भेदभाव को समाप्त करना है, ताकि विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी भयमुक्त एवं सम्मानजनक माहौल में कार्य कर सकें। उन्होंने विशेष रूप से इस बात को रेखांकित किया कि पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के साथ-साथ अन्य पिछड़ा वर्ग को भी स्पष्ट कानूनी संरक्षण प्रदान किया गया है। विनियमों के तहत प्रत्येक उच्च शिक्षा संस्थान में समान अवसर केंद्र और समता समिति का गठन अनिवार्य किया गया है, जिसमें एससी, एसटी, ओबीसी, दिव्यांगजन और महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। इससे संस्थानों में सहभागिता आधारित और उत्तरदायी प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। हरिओम सिंह ने बताया कि संस्थान प्रमुख की प्रत्यक्ष जिम्मेदारी, नियमित रिपोर्टिंग व्यवस्था और राष्ट्रीय स्तर की निगरानी समिति जैसे प्रावधान इन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाएंगे। वहीं, गैर-अनुपालन की स्थिति में दंडात्मक प्रावधान यह स्पष्ट करते हैं कि समता अब केवल नीतिगत घोषणा नहीं, बल्कि अनिवार्य व्यवस्था है। एसोसिएशन ने यूजीसी के इस निर्णय की सराहना करते हुए सभी उच्च शिक्षा संस्थानों से विनियमों का ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ पालन करने की अपील की है।

# तपोवन क्षेत्र में घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन

ऋषिकेश(आरएनएस)। विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच उत्तरकाशी के ऋषिकेश तपोवन शिविर में उपभोक्ताओं के घरों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन से आमजन को खतरा होने की शिकायत दर्ज कराई।

मंच ने विनियम और अधिनियम में दी गई व्यवस्था के अनुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज तपोवन में आयोजित शिविर में तपोवन, शिवपुरी और गूलर क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं ने संयोजन, बिजली बिल, अनियमित बिजली आने, झूलती तारों, बिजली के पोल शिप्टिंग आदि की शिकायत दर्ज कराई।

क्षेत्र के पार्षद वीरेंद्र सिंह गुसाईं ने क्षेत्र में बढ़ती आबादी और अनियमित विद्युत आपूर्ति के लिए उच्च क्षमता का ट्रांसफर स्थापित करने, एक साल पहले लिए गए टेम्परेरी कनेक्शन की सिक्योरिटी न मिलने की शिकायत की। जबकि पूनम सिंह, शाहना चौधरी, जीत सिंह पयाल ने घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन से बिजली का करंट लगने की शिकायत दर्ज कराई। साथ ही एक साल पहले दिए गए अस्थायी बिजली कनेक्शन को स्थायी करने की शिकायत दर्ज कराई।

इस दौरान सुल्तान सिंह, सीता राम, मनीष कैंतुरा, स्वामी शिव शंकर पुरी, गिरिराज सिंह ने ज्यादा आये बिजली बिल को ठीक करने की मांग की। शिविर में दो दर्जन से ज्यादा शिकायतें दर्ज हुई, जिनमे अधिकांश का मौके पर निस्तारण हुआ। इस मौके पर उपभोक्ता सदस्य संतोष भट्ट, तकनीकी सदस्य भूपेंद्र सिंह कनेरी और न्यायिक सदस्य प्रेम सिंह भंडारी ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ताओं की हर शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने दर्ज शिकायतों के निस्तारण को लेकर प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिए। इस मौके पर इंटर कॉलेज का खराब मीटर भी तत्काल बदलकर नया मीटर स्थापित किया गया।

शिविर में उपखंड अधिकारी केएस नेगी, जेई पंकज काला, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुलियाल, महासचिव मनीष कैंतुरा, पूर्व महासचिव बिजेंद्र सिंह पंवार समेत अन्य मौजूद रहे। होटल एसोसिएशन ने फिक्स्ड चार्ज में छूट की मांग की शिविर में होटल एसोसिएशन तपोवन ने कहा क्षेत्र में लगातार होटल, ढाबे, होम स्टे बढ़ रहे हैं। ऐसे में यहां ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने तथा विद्युत लाइनों को सुरक्षित करने की मांग की। साथ ही ऑफ सीजन में खर्च बिजली का बिल कम और फिक्सड चार्ज कई गुना देना पड़ रहा है। उन्होंने ऑफ सीजन में बिजली की वास्तविक खपत के अनुसार फिक्सड चार्ज लेने का अनुरोध किया।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अब्बास तैयब की 173वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



कार्यालय संवाददाता



देहरादून। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अब्बास तैयब की 173वी जयंती पर तस्मीया एकेडमी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चर्चा के दौरान सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि यों ने महात्मा गांधी के साथी रहे 'छोटा गांधी' के नाम से विख्यात इस आजादी के योद्धा के मसूरी में स्थित आवास और इनकी कब्र की जीर्ण शीर्ण हालत पर गहरा क्षोभ व्यक्त किया। इस अवसर पर यह तय किया गया कि इनके आवास के पुनरोद्धार और सौंदर्यकरण को लेकर उत्तराखंड सरकार को जिलाधिकारी के माध्यम से सामूहिक रूप से ज्ञापन दिया जाएगा।

चर्चा में दून सिटीजन कौंसिल के जगमोहन मेंदीरत्ता, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधि कारी कल्याण समिति के मुकेश नारायण शर्मा,सत्य प्रकाश चौहान,आर टी आई क्लब के आर एस धुनता,योगेंद्र शर्मा,सुरेश थापा,संयुक्त नागरिक संगठन के अवधेश शर्मा, डा.दिनेश सक्सेना, सुशील त्यागी, प्रमोद गर्ग, प्रकाश नागिया, राज्य आंदोलनकारी मंच के मोहनसिंह खत्री, पेंशनर्स संगठन के गिरीश चंद भट्ट तथा हरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कार की चपेट में स्कूटी सवार महिला घायल

संवाददाता

देहरादून। कार की चपेट में आकर स्कूटी सवार महिलाएं घायल हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गढी कैण्ट निवासी आशा ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह बाजार से घर की तरफ जा रही थी। जब वह सर्वे चौक के पास पहुंची तो अज्ञात कार चालक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे वह व उसकी परिचित गम्भीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

देहरादून। सड़क सुरक्षा मित्र उमेश्वर सिंह रावत द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत भवानी बालिका इंटर कॉलेज बल्लूपुर देहरादून में छात्राओं हेतु सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आज यहां संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन देहरादून डॉ अनीता चमोला के निर्देशन में एवं परिवहन कर अधिकारी सुश्री प्रजा पन्त के सहयोग से सड़क सुरक्षा मित्र उमेश्वर सिंह रावत द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत भवानी बालिका इंटर कॉलेज बल्लूपुर देहरादून में छात्राओं हेतु सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओ को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। रावत ने छात्राओं का आह्वान किया कि अगर आप किसी भी काम के लिए जाते हैं तो आप समय से घर से निकले आपको रास्ते में अपने वाहन को अधिक तेज गति से चलाने की आवश्यकता नहीं होगी साथ ही आपको स्टॉप लाइन और जेब्रा क्रॉसिंग का भी विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने छात्राओ को बताया कि जब भी आप वाहन चलाएं तनाव मुक्त होकर वाहन चलाएं। इससे भी दुर्घटना का खतरा नहीं रहता। इस अवसर पर कक्षा 6 की छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती अनिता जोशी ने संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन डॉं अनीता चमोला का विद्यालय में सड़क सुरक्षा कैलेंडर उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा मित्र द्वारा जो कार्य किया जा रहा है यह सराहनीय है। इस अवसर पर स्कूल की अध्यापिकाएं तथा 250 छात्राएं कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थी।

# यूजीसी के काले कानून के विरोध में सुराज सेवा दल का प्रदर्शन

हमारे संवाददाता




देहरादून। भाजपा सरकार की जनविरोधी एवं शिक्षा-विरोधी नीतियों तथा यूजीसी के काले कघनून के विरोध में सुराज सेवा दल के नेतृत्व में आज देहरादून में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया, जो मार्च के रूप में घंटाघर से प्रारंभ होकर जिलाधिकारी कार्यालय तक निकाला गया।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा यूजीसी के माध्यम से लागू किए जा रहे नए प्रावधान विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को समाप्त करने, उच्च शिक्षा व्यवस्था को अत्यधिक केंद्रीकृत करने तथा छात्रों और शिक्षकों के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने वाले हैं और सुधार के नाम पर शिक्षा को निजीकरण व वैचारिक नियंत्रण की दिशा में धकेला जा रहा है, जिसका सीधा असर देश की शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य पर पड़ेगा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सुराज सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष रमेश जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार की शिक्षा-विरोधी नीतियों के चलते यूजीसी के माध्यम से जो काले प्रावधान लागू किए जा रहे हैं, वे देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर खतरा हैं तथा सुराज सेवा दल शिक्षा के नाम पर किए जा रहे केंद्रीकरण, निजीकरण और वैचारिक नियंत्रण को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और संवैधानिक है तथा शिक्षा, संविधान और युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए है। प्रदर्शन के उपरांत सुराज सेवा दल के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्य एवं केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि यूजीसी से जुड़े जनविरोधी प्रावधानों को तत्काल वापस लिया जाए अथवा उनमें व्यापक संशोधन किया जाए, साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार ने छात्रों, शिक्षकों और आम नागरिकों की आवाज को अनसुना किया तो आंदोलन को आगे भी लोकतांत्रिक और अहिंसक तरीके से और तेज किया जाएगा।

## शिक्षा-विरोधी नीतियों के खिलाफ किया जोरदार विरोध, घंटाघर से डीएम कार्यालय तक किया मार्च

# 240 नशीले कैप्सूल सहित एक दबोचा

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी में नशीली दवाओं की तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से 240 नशीले कैप्सूल बरामद हुए है।

जानकारी के अनुसार बीती शाम थाना सिडकुल पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई नशा तस्कर नशीली दवाओं की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को आईएमसी चौक सिडकुल हरिद्वार पर स्कूटी सवार एक संदिग्ध आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह स्कूटी मोड़कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर रोका गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 240 नशीले कैप्सूल बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम अभिजीत पुत्र मनिमोहन रॉय निवासी पीर वाली गली राजीव नगर आर्य नगर ज्वालापुर थाना ज्वालापुर जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# सेवानिवृत हुये पुलिस जवानों को दी भावभीनी विदाई

संवाददाता




उत्तरकाशी। सेवानिवृत पुलिस कर्मचारियों को शॉल मेमेटों व प्रशस्ति पत्र देकर भावभीनी विदाई दी।

आज यहां पुलिस विभाग से सेवानिवृत हुये अपर उपनिरीक्षक मुकेश चन्द्र चमोली एवं अनुचर किशन सिंह के सेवानिवृति के अवसर पर पुलिस लाईन ज्ञानसू स्थित भागीरथी कॉन्फ्रेंस हॉल मे विदाई समारोह आयोजन कर उत्तरकाशी पुलिस द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत समारोह के अवसर पर पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, श्रीमती कमलेश उपाध्याय द्वारा सेवानिवृत हुये पुलिस कर्मिकों को शॉल, मेमेटो, प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर खुशहाल एवं स्वस्थ सेवानिवृत जीवन की शुभकामनाएं देते हुये भावभीनी विदाई दी गयी। उनके द्वारा पुलिस विभाग को दिये गये अहम योगदान की सराहना करते हुये बताया गया कि भविष्य में आपको पुलिस विभाग से सम्बन्धित कोई कार्य हो तो निसंकोच साझा करें, आपकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जायेगा। इस दौरान साथी अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा भी सेवानिवृत अधिकारियों को पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट कर सेवानिवृति की शुभकामनाएं दी गयी।

अपर उपनिरीक्षक मुकेश चमोली मूलरुप से जनपद पौडी गढवाल के निवासी हैं, वर्ष 1989 में वह आरक्षी के पद पर पुलिस विभाग में भर्ती हुये थे, 2021 मे मुख्य आरक्षी तथा 2023 में अपर उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुये। उनके द्वारा जनपद चमोली, देहरादून, हरिद्वार व उत्तरकाशी में अपनी सेवाएं दी गई हैं। वर्तमान समय में वह कोतवाली उत्तरकाशी पर नियुक्त थे, चमोली बेहद व्यवहार कुशल एवं सौम्य स्वभाव के व्यक्ति हैं, साथी स्टॉफ में वह अपने व्यवहार कुशलता के लिए जाने जाते हैं। अनुचर किशन सिंह जनपद उत्तरकाशी के मूल निवासी हैं, वह वर्ष 1996 में पुलिस विभाग मे भर्ती हुये थे, करीब 30 वर्ष की सेवा के उपरान्त अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर आज पुलिस विभाग से सेवानिवृत हुये है, आप बहुत ही सरल एवं मृद स्वभाव के व्यक्ति हैं।

# आईटी रेड के दौरान कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन ने खुद को मारी गोली




कार्यालय संवाददाता

बेंगलुरु। दक्षिण भारत की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी कॉन्फिडेंट ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन डॉ. सी.जे. रॉय ने शुक्रवार को बेंगलुरु के लैंगफोर्ड टाउन स्थित अपने ऑफिस में आयकर विभाग की चल रही छापेमारी के बीच खुद को लाइसेंसी पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना उस दौरान हुई जब वे पूछताछ के दौरान मां से बात करने के बहाने एडजॉइनिंग रूम में गए और वहां गोली चला दी। आयकर विभाग की टीम 28 जनवरी से कंपनी के ऑफिस में छापे मार रही थी। यह पिछले महीने की एक बड़ी छापेमारी का फॉलो-अप था। रॉय गुरुवार को विभाग को बयान दे चुके थे। पुलिस ने इसे प्रारंभिक रूप से आत्महत्या माना है, लेकिन फॉरेंसिक जांच, पोस्टमॉर्टम और सीसीटीवी/सबूतों की पड़ताल जारी है।

परिवार ने आयकर अधिकारियों पर अत्यधिक दबाव और हरासमेंट का आरोप लगाया है। भाई सी.जे. बाबू ने कहा, उनके पास कोई लोन, धमकी या अन्य समस्या नहीं थी, सिर्फ आयकर का मामला था। कर्नाटक सरकार ने उच्च-स्तरीय जांच का आदेश दिया है। कंपनी ने भी शिकायत दर्ज की है।

कॉन्फिडेंट ग्रुप एक डेब्ट-फ्री रियल एस्टेट डेवलपर है, जिसके दक्षिण भारत में 65+ प्रोजेक्ट्स पूरे हो चुके हैं। कंपनी दुबई में भी सक्रिय है और शिक्षा, हॉस्पिटैलिटी तथा मलयालम फिल्म प्रोडक्शनमें शामिल रही है। रॉय "जीरो-डेब्ट" मॉडल के लिए मशहूर थे। उन्होंने बिना लोन के कम उम्र में प्राइवेट जेट खरीदा था। उनके पास गल्फस्ट्रीम जी650 प्राइवेट जेट, हेलीकॉप्टर और 2000 से अधिक लग्जरी कारों का कलेक्शन था। दुबई, मुंबई और लॉस एंजिल्स में लग्जरी घर और आर्ट कलेक्शन भी थे।

बता दें कि एक वक्त वो था जब रॉय बेंगलुरु के शोरूम में डॉल्फिन कार देखने गए तो वहां के सेल्समैन ने यह कहकर भगा दिया था कि तू क्या कार खरीदेगा, चल निकल यहां से। कहा जाता है कि इस घटना के बाद उन्होंने यह तय कर लिया था कि वे दुनिया की सबसे महंगी कारें खरीदेंगे, उस वक्त रॉय सिर्फ 13 साल के थे। रॉय ने 36 की उम्र में पहला प्राइवेट जेट खरीद लिया था। वह भी बैंक से किसी भी तरह का कर्ज लिए बगैर।

## हूटर और तेज रफ्तार पड़ी भारी, 4 कारें की गयी सीज



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। हूटर बजाकर तेज रफ्तार कार चलाना कुछ लोगों पर भारी पड़ गया। पुलिस ने ऐसी चार कारें सीज कर आरोपियों के खिलाफ चालानी कार्यवाही कर ली है। कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान चार वाहन चालक हूटर बजाते हुए तथा तेज रफ्तार में वाहन चलाकर आमजन की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते पाए गए। मामले में पुलिस ने अमन त्यागी पुत्र संजय त्यागी निवासी मंदाकिनी कॉलोनी, विशाल सैनी पुत्र वीर सिंह निवासी डंडेरी ख्वाजगीपुर, युग सचदेवा पुत्र संजय सचदेवा निवासी आदर्श नगर तथा यश चौहान पुत्र चंद्रशेखर निवासी खंजरपुर के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की धारा के अंतर्गत कार्रवाई की गयी है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चारों वाहनों को सीज कर दिया है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार घायल

संवाददाता

देहरादून। प्रेमनगर निवासी ललित खण्डूजा ने प्रेमनगर थाने में दर्ज कराते हुए वह घर की तरफ जा रहा था जब वह नन्दा की चौकी के पास पहुंचा तभी अज्ञात कार चालक के द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसकी मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा उसकी मोटरसाईकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## चोरी के माल सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। कम्पनी का ताला तोड़कर तांबा-पीतल चोरी करने वाले एक शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से चुराया गया माल व घटना में प्रयुक्त वाहन भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार बीते वीरवार को पजानी भागवतिप्पन ने थाना सिडकुल में तहरीर देकर बताया गया था कि अज्ञात चोर द्वारा उनकी ग्रापैनल्स कंपनी सिडकुल हरिद्वार का ताला तोड़कर पीतल व तांबा चोरी कर लिया गया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा बीती शाम एक सूचना के आधार पर हर्षिता कॉलोनी से आरोपी वसीम पुत्र शराफत निवासी जमालपुर खुर्द थाना कोतवाली रानीपुर जिला हरिद्वार को चोरी के माल के साथ तडियाल ढाबा सिडकुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके पास से 30 किलो टर्मिनल बुश व चोरी में प्रयुक्त टैम्पू बरामद किया गया है।



## तीन शराब तस्कर गिरफ्तारः 143 पेटी शराब बरामद

हमारे संवाददाता

देहरादून। शराब तस्करी में लिप्त तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से 143 पेटी अंग्रेजी व देशी शराब सहित तस्करी में प्रयुक्त वाहन बरामद हुआ है।

जानकारी के अनुसार बीती शाम कोतवाली डोईवाला पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ शराब तस्कर भारी मात्रा में शराब लेकर आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को चौकी क्षेत्र हर्रावाला में एक संदिग्ध लोडर वाहन आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो लोडर सवार तीन लोग भागने का प्रयास करने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। लोडर की तलाशी के दौरान उसमें रखी 143 पेटी शराब ( 128 पेटी देसी व 15 पेटी अग्रेजी शराब) बरामद हुई। पूछताछ में उन्होने अपना नाम अनिकेत पुत्र विजय निवासी 50 बी डांडीपुर मौहल्ला, कोतवाली नगर, देहरादून, मोनू कुमार पुत्र सत्य प्रकाश निवासी ग्राम बसेडा, थाना नौगांसाबाद, जनपद मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश व सौरभ जयसवाल पुत्र राजेन्द्र जयसवाल निवासी चन्द्रलोक कालोनी, बेहट रोड कोतवाली देहात जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी हर्रावाला, देहरादून बताया। पुलिस ने उन्हे आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हे न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है।




# ऑपरेशन कालनेमिः 11 बहरूपिये दबोचे

### ●172 बीएनएसएस के तहत की जा रही है कार्यवाही

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। आपरेशन कालनेमि के तहत बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने 11 बहरूपियों को दबोच लिया है। जिनके खिलाफ 172 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी के अनुसार आपरेशन कालनेमि के तहत कोतवाली रानीपुर पुलिस ने कल देर शाम शिवालिक नगर, गैस प्लान्ट आदि स्थानो पर चेकिंग अभियान चलाकर धर्म की आड़ में धोखाधड़ी करने वाले, बिना पहचान पत्र के रहने वाले कुल 11 संदिग्ध व्यक्तियों को धारा- 172 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाई की जा रही है। गिरफ्तार बहरूपियों के नाम शिवम नाथ पुत्र भोलानाथ निवासी ग्राम शोसीपुरा थाना पथरी जनपद हरिद्वार, वंश नाथ पुत्र शिवम नाथ निवासी घोसीपुरा थाना पथरी जनपद हरिद्वार, गुलमति पुत्र अशोक नाथ निवासी गेहसुपुरा थाना पथरी जनपद हरिद्वार, जैनद्दीन पुत्र मेनुकूद्दीन ग्राम कलका सिया जिला बारबटा आसाम वर्तमान पता झौग्गी झोपडी मायावती चौक शिवालिक नगर, नूरमौहम्मद पुत्र नुरु निवासी अहबाब नगर कोतवाली ज्वालापुर जनपद हरिद्वार, भाषण अली पुत्र अब्दुल अली निवासी होरिसर थाना नेरुसर आसाम वर्तमान पता झौग्गी झोपडी मायावती चौक शिवालिक नगर, भावेश पुत्र माहाली निवासी महाशिया पुरा थाना केशिरी पश्चिम मेहदनीपुर कोलकता, हनीप पुत्र हसन अली निवासी किस्मत मैनबरी थाना कलका सिया आसाम हाल पता ब्रहमपुरी थाना सिडकुल जिला हरिद्वार, शेरअली पुत्र आसनुद्दीन निवासी ग्राम सतला थान कलका सिया आसाम हाल पता ब्रहमपुरी थाना सिडकुल जिला हरिद्वार, बोनी इसराईल पुत्र शोरब अली निवासी जुपीया मदरसा परा थाना मेरुसर आसाम हाल पता ब्रहमपुरी थाना सिडकुल जिला हरिद्वार व अब्बूकलाम पुत्र किराऊमत अली निवासी खतरतरी थाना कलकासिया आसाम बताये जा रहे है।



आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*